आदर्श उत्तर ⇒ प्रश्न पत्र प्रथम

कक्षा 8वी (प्रथमा तृतीय वर्ष) विषय - सामाजिक विज्ञान पूर्णांक - 80

निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर

प्र०-1 बहुविकल्पीय प्रश्न

उत्तर ⇒
1 - स
2 - द
3 - अ
4 - स
5 - स
6 - ब
7 - द
8 - अ
9 - ब
10 - स

प्रश्न-2 निम्न को सुमेलित कीजिये

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत स्वतन्त्रता | - | 1947 |
| 2 | घुमंतू कृषि | - | काटो और जलाओ |
| 3. | ब्राह्मणवादी शिक्षा | - | संस्कृत भाषा |
| 4. | बाल विवाह | - | कानूनी अपराध |

प्रश्न-3 खाली स्थान की पूर्ति कीजिये

1- संविधान के अनुसार सरकार के अंग विधायिका कार्यपालिका एवं न्यायपालिका है।

2- ग्राम पंचायत का प्रमुख सरपंच होता है ग्राम पंचायत का कार्यकाल 5 वर्ष होता है।

3- जनसंख्या वितरण को भौगोलिक एवं सामाजिक कारक है।

प्र०-4 अति लघु प्रश्न
उत्तर
1- भारत के लिये समुद्री मार्ग की खोज वास्कोडिगामा ने 1498 में की थी।

2- पृथ्वी पृष्ठ के एक इकाई क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

3- हाशियाकरण का अर्थ है किसी को हाशिये या किनारे पर धकेलना।

4- मृदा परिच्छेदिका का ऊपरी परत जिसमें ह्यूमस और जैव पदार्थ पाये जाते हैं।

5- आदिवासी का अर्थ है 'मूल निवासी' से है।

प्र०-5 लघु प्रश्न
उत्तर
1- संविधान कई उद्देश्यों की पूर्ति करता है। यह दस्तावेज उन आदर्शों को सूत्रबद्ध करता है। जिनके आधार पर नागरिकों अपने देश को अपनी इच्छा और सपनों के अनुसार रच सकते हैं।

2- नवीकरणीय संसाधन → वे संसाधन हैं जो शीघ्रता से नवीकृत हो जाता है। जैसे सौर और पवन ऊर्जा
अनवीकरणीय → वे संसाधन हैं। जिनका भंडार सीमित है। भंडार के एक बार समाप्त होने के बाद उनके नवीकृत होने में हजारों वर्ष लग सकते हैं जैसे पेट्रोलियम

3- घुमंतू किसान मुख्य रूप से पूर्वोत्तर और मध्य भारत की पर्वतीय व जंगली पट्टियों में ही रहते थे।

4- स्थायी बंदोबस्त ईस्ट इण्डिया कंपनी और बंगाल के जमींदारों के बीच कर वसूलने से सम्बन्धित एक स्थाई व्यवस्था हेतु सहमति समझौता था। जिसे बंगाल में लार्ड कार्नवालिस द्वारा 22 मार्च 1793 को लागू किया गया।

5- मृदा संरक्षण के चार उपाय है —

1- वनों का संरक्षण - वृक्षो की सड़ी गली पत्तियाँ मृदा को उपजाऊ बनाती है।

2- वृक्षारोपण - इसके द्वारा मरुस्थल के विस्तार को रोका जा सकता है।

3- भूमि उद्धार → जल द्वारा बनी उबड़-खाबड़ भूमियों को समतल बनाकर मृदा अपरदन को रोकना

4- नियोजित चराई → अनियन्त्रित चराई पर रोक लगाना चाहिये।

प्र06 दीर्घ प्रश्न

1- वनस्पति और वन्य जीवन बहुमूल्य संसाधन है। पौधे हमें इमारती लकड़ी देते है। प्राणियो को आश्रय देते है। आक्सीजन उत्पन्न करते है। जिससे हम साँस लेते है। फसलों को उगाने के लिये आवश्यक मृदा की सुरक्षा करते है। हमें फल, लैटेक्स, तारपीन का तेल गोंद, औषधीय पौधे और कागज प्रदान करते है।

टिप्पणी

2- सुरक्षा परिषद → सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। यह विश्व की सुरक्षा और शांति की देखभाल करती है। इसमें 15 सदस्य होते है। ये सदस्य दो प्रकार के होते है। पाँच सदस्य अर्थात फ्रांस, जनवादी चीन, रूस यूनाइटेड किंगडम (इंग्लैण्ड) तथा संयुक्त राज्य अमेरिका इसके स्थाई सदस्य है। शेष दस सदस्य महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिये निर्वाचित किये जाते है

2- पंचशील → पंचशील पहली बार तिब्बत के मुद्दे पर 29 मई 1954 को भारत और चीन के बीच हुई संधि में आकार हुआ।

पंचशील के पाँच नियम हैं—

1- एक-दूसरे की प्रादेशिक अखण्डता और संप्रभुता का आदर

2- अनाक्रमण।

3- एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप।

4- समानता और पारस्परिक लाभ।

श्रीमती नीलम रानी
भा० शिक्षक